**घोटाला** ▶ आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति को लेकर लग रहे लाखों के लेन-देन के आरोप

# जो नाम मेरिट में रहे, अंतिम सूची में हो गये गायब?




**तेंदूखेड़ा नवभारत 7 जनवरी।** महिला बाल विकास विभाग ने विगत दिवस आंगनबाड़ी सहायिका की अंतिम सूची जिले से जारी कर दी गई है। सूची जारी होते ही तेंदूखेड़ा में संभावित सहायिका पद पर नियुक्ति को मानकर चलने वाली महिलाओं में अपना नाम नहीं होने से आक्रोश फैल गया और लाखों के लेन-देन कर चहेतों की नियुक्ति के आरोप लगने लगे।

सहायिका पद की मेरिट सूची में पहले स्थान पर नाम होने वाली महिलाओं के परिजनों ने संवाददाता को लिखित आवेदन देते हुए बताया कि किस तरह महिला बाल विकास के अधिकारी ने लाखों के लेनदेन कर अन्तिम सूची से नाम बाहर कर अंतिम सूची में चहेतों की नियुक्ति कर दी।

### फर्जी नियुक्ति करने के आरोप

महिला बाल विकास द्वारा कुल 32 सहायिका के पद पर नियुक्ति दी है। उनमें से अधिकांश नियुक्तियों में लेनदेन कर अपात्र महिलाओं को नियुक्त करने के आरोप लग रहे हैं। प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बेलवाड़ा के ग्राम खगोरिया की नियुक्ति में जिसमें बबली गोंड को चयनित किया गया है, प्रतीक्षा सूची में कल्पना गोंड को रखा गया है, जबकि अन्तिम सूची में मेरिट में अर्चना पति राम मिलन गोंड का नाम पहले स्थान पर था। अर्चना के कुल 71.2 परसेंट थे, जबकि चयनित बबली के 69. 8 परसेंट थे। इसी तरह नंदपुरा ग्राम में पूजा गोंड का चयन किया गया, जबकि ललिता पाल को नियुक्ति मिलनी थीं।

### लग रहे गरीबी रेखा प्रमाण पत्र फर्जी होने के आरोप

खासकर चहेतों की नियुक्ति में फर्जी गरीबी रेखा प्रमाण पत्रों के सहारे लेनदेन का आरोप ज्यादा लोग लगा रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे गरीबी रेखा प्रमाणपत्र 15 साल से अधिक पुराने हैं, जबकि जिनको नियुक्ति मिली है उनके प्रमाण पत्र 2024- 25 के हैं, इसी दौरान सबसे ज्यादा फर्जी प्रमाण पत्र बने थे, जिस पर हल्ला भी हुआ था। वर्तमान में जांच चल रही है, इसलिए आशंका जताई जा रही है कि लोगों द्वारा लगाए जा रहे आरोप सही हो सकते हैं।



# मूलभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक : मलैया

▶ विधायक ने साकेत वार्ड बजरिया में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

**नवभारत,दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह के वार्ड क्रमांक 37 साकेत वार्ड, बजरिया नंबर 7 में सीसी रोड, नाली निर्माण व टॉप लेन फुटपाथ लाइट स्थापना कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता और बेहतर प्रकाश व्यवस्था का सीधा लाभ मिलेगा।

लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की। विशेष अतिथि के रूप में आलोक गोस्वामी, अखिलेश हजारी, रमन खत्री व वार्ड पार्षद कविता राय उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया ने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क,नाली निर्माण व टॉप लेन फुटपाथ लाइट जैसी सुविधाएं वार्ड के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### पुलिस चौकी पुन: शुरू हुई

पार्षद कविता राय के प्रयासों से वार्ड में पुलिस चौकी पुनः शुरू हुई और आवास, पेंशन, मुफ्त राशन, लाड़ली बहना सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वार्डवासियों को समान रूप से मिला है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि वार्ड पार्षद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाले हैं। इन कार्यों के लोकार्पण से वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर बब्लू भट्ट, अरुण तिवारी, संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, अमित बजाज, राजेंद्र चौरसिया,रमाकांत वाजपेई, पार्षद कपिल सोनी, पार्षद नितिन चौरसिया (पप्पू मलाई), मोनू राजपूत, ब्रज गर्ग, अरविंद उपाध्याय, राहुल पाठक, देवकीनंदन पटेल, मंगू भट्ट, मुकेश राय,रितेश सोनी, प्रदीप राय, सुनील यादव, भवानी यादव, कमलेश विदुआ, देवी सिंह, राममिलन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# डॉ . रश्मि जेता को बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड

▶ नवादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में किया दमोह का नाम रोशन



**नवभारत,दमोह।** बिहार के नवादा में आयोजित नवादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के छठे संस्करण में फिल्म जगत की कई उपलब्धियां सामने आईं। इस प्रतिष्ठित समारोह के दौरान विश्व भर की चुनिंदा फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें दमोह की डॉ. रश्मि जेता और उनकी टीम द्वारा निर्मित फिल्म द ग्रैफ्टी को भी प्रदर्शित किया गया। फेस्टिवल की खास बात यह रही कि स्क्रीनिंग और अवॉर्ड समारोह के दौरान बॉलीवुड की कई जानी-मानी फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। इस वर्ष फेस्टिवल में दुनिया भर से करीब 2300 फिल्मों ने हिस्सा लिया, जिनमें से चयनित फिल्मों को अलग-अलग श्रेणियों में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फिल्म द ग्रैफ्टी की निर्माता-निर्देशक डॉ. रश्मि जेता को उनके उत्कृष्ट निर्देशन के लिए बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता दीपक तिजोरी के हाथों प्रदान किया। इस अवसर पर फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मनीष सोनी और नरेंद्र अठ्या भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि फिल्म द ग्रैफ्टी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का सशक्त संदेश देती है। इस फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु के मेलकोटे स्थित धनुष्कोड़ी क्षेत्र में की गई है। फिल्म की कहानी स्थानीय समाजसेवी मोहम्मद शोएब और उनकी टीम द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों पर की गई बेतरतीब लिखावट को साफ करने की मुहिम पर आधारित है।

# युवक पर एनएसए की कार्यवाही स्थगित, हुई रिहाई

**सतरिया पैर धुलाई प्रकरण में मप्र हाईकोर्ट का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने पलटा**

**नवभारत,दमोह 7 जनवरी।** विगत दिनों सतरिया कांड की आग इस कड़कड़ाती ठंड में दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट की दस्तक दे चुकी है. दरअसल विगत दिनों जाति विशेष के व्यक्ति को ब्राह्मण समाज के सतरिया निवासी अनुज पांडेय द्वारा कथित तौर पर चरनामृत पिलाने का वीडियो जमकर वायरल हुआ था और इस पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने स्वयं संज्ञान लेते हुए, वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर एनएसए की कार्यवाही सुनिश्चित करने आदेश दिया था.

इस आदेश पर अनुज पांडेय व अन्य ब्राह्मण युवकों को जेल भेज दिया गया था. आदेश के खिलाफ अनुज पाण्डे ने देश के सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी. मामले की जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित मुकेश पाण्डे अधिवक्ता व मनीष नगाइच ने बताया कि सतरिया के वायरल वीडियो पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जस्टिस अतुल श्रीधरन ने स्व-संज्ञान लेते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक को एनएसए की कार्यवाही के निर्देश जारी किए थे.

### पुलिस ने पांच लोगों को किया था गिरफ्तार

दमोह पुलिस ने ब्राह्मण समाज के पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, पीड़ित के अधिवक्ता का कहना है कि वीडियो में केवल ब्राह्मण समाज के लोगो को चिन्हित किया गया है, जबकि वीडियो में अन्य समाज के लोग भी मौजूद दिख रहे हैं व इस साधारण सामाजिक मामले में एनएसए की कार्यवाही लागू नहीं होती है।

### सुको की डबल बेंच में हुई थी सुनवाई

मुकेश पांडेय अधिवक्ता ने बताया कि 6 जनवरी देर शाम सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए एनएसए की कार्यवाही स्थगित करते हुए तत्काल अनुज पाण्डे की रिहा किये जाने का आदेश जारी किया था. इसी तारतम्य में अधिवक्ताद्वय मुकेश पाण्डे व मनीष नगाइच ने अतिरिक्त कलेक्टर से भेंट कर आदेश की प्रति उन्हें आवश्यक कार्यवाही हेतु सौंपी है. उक्त आदेश के बाद अनुज पांडे की रिहाई भी जेल से हो चुकी है.

## किसान कांग्रेस के ब्लाक एवं उपब्लाक अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत,दमोह।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नीतू पटवारी की मंशानुसार किसान प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण सींग की अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीवान अमर सींग ने दमोह विधानसभा से ग्रामीण अध्यक्ष योगेश पटेल भोदलखेड़ी, शहर अध्यक्ष पप्पू कुशवाहा, उपब्लाक अध्यक्ष रमन सींग इमलिया, उपब्लाक अध्यक्ष अरविंद सिंह पथरिया विधानसभा से अंगद प्यासी, ब्लाक अध्यक्ष जबेरा राजकुमार यादव, उपब्लाक अध्यक्ष नोहटा केर सिंह को नियुक्त किया है।

## एक नजर में



### दीपक, अजय और श्रेयांश का प्री नेशनल हैंडबॉल कैम्प में चयन

**नवभारत,दमोह।** जिले के तीन खिलाड़ियों दीपक पटेल, अजय चौरसिया और श्रेयांश जोगी का राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के प्री-नेशनल कैम्प के लिए चयन किया गया है, जो आगामी 20 से 24 जनवरी तक शिवपुरी में आयोजित प्री-नेशनल केम्प में भाग लेंगे. कैम्प के पश्चात तीनों 27 से 31 जनवरी तक सोमनाथ गुजरात में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे. जिले की इस उपलब्धि पर दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर,जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा म.प्र. हैंडबॉल संघ महासचिव हरदीप सिंह रूप्पल प्राचार्य एस के मिश्रा, आरपी कुर्मी, जिला हैंडबॉल संघ सचिव व राष्ट्रीय प्रशिक्षक विवेक दत्त शर्मा, आरवी सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### जिला अस्पताल में लगाया जा रहा गेट

**नवभारत,दमोह।** जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर लोहे का विशाल गेट कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में लगाया जा रहा है.जिसमें अब आसामाजिक तत्व प्रवेश नहीं कर सकगें.यहां पर बताया जा रहा है कि गार्ड भी बैठेगा,जो व्यवस्थित देखभाल करेगा.उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा, जिनको अस्पताल से काम होगा.




### 50 हेलमेट श्री गुरूनाक सोसायटी ने एसपी को सौंपे

**नवभारत,दमोह।** श्री गुरु नानक सोसायटी दमोह द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया को 50 हेलमेट भेंट किए हैं.जहां पुलिस अधीक्षक ने हेलमेट लेकर समिति का धन्यवाद ज्ञापित किया.इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह कुमार मार्को, सूबेदार अभिनव साहू, साइबर सेल नेहा गोस्वामी, श्री गुरूनानक सोसायटी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा, राजेंद्र सिंह और अंजू खत्री मौजूद रहे.

### सड़क मार्ग पर आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाए : चौधरी

**नवभारत,दमोह।** तहसीलदार बटियागढ़ योगेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि गेवलारी पुलिया, बटियागढ़ में सड़क मार्ग पर आवश्यक संकेतक लगाए जा चुके हैं। ब्रेकर पर पेंटिंग व साइन बोर्ड आदि कार्य संबंधित विभाग द्वारा पूर्ण कर लिया गया है, जिससे वाहन चालकों को स्पष्ट संकेत प्राप्त हों और वे सतर्कता के साथ सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें।

### सिंकदर बने भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष



**नवभारत,दमोह।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय सफाई मजदूर संघ द्वारा दमोह जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई जिला इकाई की घोषणा की गई है। संघ के सागर व दमोह विभाग के विभाग प्रमुख धर्मेंद्र चौबे की अनुशंसा एवं भारतीय सफाई मजदूर संघ के सागर संभाग अध्यक्ष व दमोह जिला प्रभारी दाऊ विरेंद्र सिंगोते की सहमति से सिकंदर खरारे को भारतीय सफाई मजदूर संघ, दमोह का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. नियुक्ति से जिले में संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।



## कर्मचारी कल्याण कोष की दी जानकारी

**नवभारत,दमोह ।** पीएमयूएम शिक्षक संघ प्रांत संयोजक पवन खरे ने बताया कि हटा विधायक उमा देवी खटीक के नेतृत्व में शिक्षक संघ, दमोह के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को कर्मचारी कल्याण कोष योजना से अवगत कराया तथा योजना के अंतर्गत प्रथम सहयोग के रूप में स्व. दिलीप सिंह लोधी के परिवार को 40 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारी कल्याण कोष योजना की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत सराहनीय पहल बताया। साथ ही पीएमयूएम शिक्षक संघ की द्वितीय प्रमुख मांग कैशलेस हेल्थ कार्ड की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किए जाने पर संघ की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत के लक्ष्य पर हो रहा कार्य : रणदिवे

▶ जिला भाजपा की संगठनात्मक कामकाजी बैठक आयोजित



**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला संगठनात्मक कामकाजी बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई. बैठक में प्रदेश महामंत्री व सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की. बैठक में दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, हटा विधायक उमा देवी खटीक, बीएलए 1 सिद्धार्थ मलैया, सतेंद्र सिंह, बहादुर पटैल, नरेन्द्र सराफजिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटैल, उपाध्यक्ष मंजू कटारे, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, अरुण तिवारी, महेश पटैल मंचासीन रहे. बैठक के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे व कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री का जिला कार्यालय में स्वागत किया. बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.

### इनकी रही उपस्थिति

प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रही है. बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज गोलू, संजय यादव, मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार, करन सिंह लोधी, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भारत सिंह लोधी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, कार्यालय मंत्री देवकी नंदन पटैल, कोषाध्यक्ष सुरेश पटैल, आईटी सेल प्रभारी रिंकू गोस्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा आदि की की उपस्थिति रही.

## कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मनु मिश्रा ने गरीबों को कंबल वितरित किए

▶ सिविल सोसायटी की प्रेरणा से किया कार्य

**नवभारत,दमोह 7 जनवरी।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए सिविल सोसायटी दमोह के साथ मिलकर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष व नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष पं. मनु मिश्रा ने रेलवे स्टेशन पर असहाय व गरीब यात्रियों को कंबल वितरित किए. मनु मिश्रा ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि भीषण ठंड के कारण रेलवे स्टेशन पर कई जरूरतमंद लोग बिना कंबल के खुले में सोने को मजबूर हैं. इस मानवीय पीड़ा को देखते हुए सिविल सोसायटी दमोह के सदस्यों की प्रेरणा से यह सेवा कार्य किया गया. उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करते हुए पहले 10 लोगों के लिए प्लेटफॉर्म टिकट खरीदे गए, इसके बाद स्टेशन परिसर में सो रहे पात्र लोगों को कंबल वितरित किए गए.

## तेंदूखेड़ा की एसडीओपी होगी अर्चना अहीर

**नवभारत,दमोह।** जिले के तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर की जगह अब श्रीमती अर्चना अहीर होगी.विगत मंगलवार की रात गृह मंत्रालय भोपाल से एक लंबी सूची अधिकारियों की आने पर अन्य अधिकारियों में हलचल मची हुई है.बतादे कि एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर का स्थानांतरण रीवा जिले के सिरमौर में हुआ है. तो वहीं उनकी जगह पर मंडला ऐजेके से अर्चना अहीर एसडीओपी तेंदूखेड़ा होगी, जो जल्द ही तेंदूखेड़ा की कमान संभालेंगी.

# जिले में युवा सम्मेलन का आयोजन 10 को



**नवभारत,दमोह.** जिले में आगामी 10 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन के लिए तहसील ग्राउंड,दमोह में विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ. यह युवा सम्मेलन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा.

भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भालचंद नातू, घुमंतू जाति कार्य संयोजक, महाकौशल प्रांत उपस्थित रहे. उन्होंने विधिविधान से भूमिपूजन कर कार्यक्रम की सफलता की कामना की. इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व युवाओं को संबोधित करते हुए भालचंद नातू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनका संदेश आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति व सेवा भाव से जुड़ा हुआ है. भालचंद नातू ने जिले के सभी युवाओं से 10 जनवरी को आयोजित युवा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन युवाओं को संगठन, संस्कृति व राष्ट्र निर्माण की दिशा में जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

**बैठक** ▶ सांसद ने दिशा की बैठक में कहा- महुए की कुकीज को मार्केट उपलब्ध कराएंगे, मेडिकल कॉलेज भवन का कार्य हो रहा पूर्ण

# आने वाले वर्षों में गांव की दिशा और दशा बदलेगी : राहुल सिंह

**नवभारत,दमोह 7 जनवरी।** दिशा की बैठक में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं की समीक्षा और आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देश तय करते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वोकल फॉर लोकल का जो नारा दिया था, उसको हम लोगों ने जबेरा में जमीन पर उतारा है. बुंदेलखंड में जो महुआ होता है, उस महुए से कुकीज बनना प्रारंभ हो गया है। आने वाले समय में इसकी मार्केटिंग के लिए भी हम लोग प्रयास करेंगे. विकसित दमोह बन सके इसके लिए निरंतर बैठक चल रही है.

इस आशय के विचार जिले के सांसद राहुल सिंह लोधी ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित दिशा की बैठक में व्यक्त किये. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडल अधिकारी नौरादेही ए अंसारी, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे,स ईईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडीशनल एसपी सुजीत कुमार भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष तेन्दूखेड़ा सुरेशचन्द्र जैन, जनपद अध्यक्ष्य हटा गंगाराम पटैल, पं.नरेन्द्र व्यास, सिद्धार्थ मलैया सहित समिति के सदस्य मौजूद थे.

### नर्सिंग कॉलेज भी बनाया जाएगा



सांसद राहुल सिंह ने कहा केन-बेतवा लिंक परियोजना के संबंध में कहा प्रारंभिक स्तर पर उसका सर्वे चल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की सरकार है इस संपूर्ण बुंदेलखंड के एक-एक गांव में पीने का पानी पहुचाएंगे यह संकल्प लिया है. मेडिकल कॉलेज का काम भी आखरी स्टेज पर आ गया है और अगले वर्ष उसको कंप्लीट करके हेंड ओवर कर दिया जाएगा तो मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएगा और जहां तक नर्सिंग कॉलेज है, वह भी लाइन में आ गया है और मुझे लगता है कि अगले 2-3 महीने में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज के लिए भी आदेश जारी हो जाएगा.

### स्कूलों में जाकर बच्चों से करें संवाद

बैठक में सांसद लोधी ने कहा पिछले एक वर्ष, यह दूसरा वर्ष निरंतर पूरे जिले के अधिकारियों के साथ अलग-अलग स्कूलों में जाकर संवाद किये गये हैं और परीक्षा पर चर्चा हुई है, 11 जनवरी तक प्रधानमंत्री बच्चों से चर्चा करेंगे. मीटिंग में यह भी निर्देशित किया गया सभी अधिकारी 20 जनवरी से लेकर 26 जनवरी के बीच में देशभक्ति का पूरा एक समय रहता है, पूरा राष्ट्रभक्ति का वह जोश बना रहता है, सभी मंत्रियों से भी आग्रह करेंगे और विधायकों से कि अलग-अलग जगह जाएं और सभी बच्चों से संवाद करें।

### जनप्रतिनिधियों के जुड़ाव से परिवर्तन देखने मिलेगा : कलेक्टर

कलेक्टर कोचर ने कहा अधिकारी निरंतर मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों का जुड़ाव होगा तो निश्चित ही परिवर्तन देखने को मिलेगा. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिला स्तर पर दिशा समिति की बैठक हुई है, इस बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो समीक्षा की जाती है.सांसद राहुल सिंह ने अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अनेक निर्देश दिये गये हैं, निर्देशों का परिपालन सुनिश्चित करायेंगे.